# इंडियनऑयल

इंडियनऑयल IndianOil

## अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण सूचना (ईओआई)

पानीपत स्थित ट्रांजिट कैंप के उपयुक्त बिल्डिंग स्पेस को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन्स प्रभाग) को हरियाणा में उनके ट्रांजिट कैंप के लिए उनके निर्माण परियोजना के लिए किराए पर देने के लिए योग्यता मानदंड रखने वाले भवन के वास्तविक मालिकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ईओआई सं. | पीएल/एचओ/न्यू एमपीपीएल/ईओआई/3.0 |
| 2. | भवन का स्थान/क्षेत्र एवं अन्य आवश्यकताएं | |

ट्रांजिट कैंप :

| क्र. सं. | स्थान | राज्य | न्यूनतम कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | न्यूनतम बिल्ड–अप एरिया (वर्ग फुट) आवश्यकताएं | आवश्यकताएं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पानीपत | हरियाणा | 1200 | 2000 | • तकनीकी बोली के अनुसार न्यूनतम 4 बेडरूम, ड्राइंग, डाइनिंग रूम, किचन, शौचालय के अलावा तकनीकी विड के अनुसार अन्य विवरण<br>• यह अधिमानतः पानीपत के नगरपालिका क्षेत्र के भीतर स्थित होना चाहिए। |

- निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करने वाले ट्रांजिट कैंप स्थापित करने के लिए आवश्यक ट्रांजिट कैंप/भवनः
- भवन तक आसानी से पहुंचा जा सके, सड़क के सामने की साफ–सुथरी जगह होनी चाहिए, अधिमानतः भवन मुख्य सड़क पर हो और किसी भी स्थिति में अंदर की तरफ तथा छोटी मुख्य सड़कों पर स्थित नहीं होना चाहिए। यह न्यूनतम 20 फीट या इससे अधिक चौड़ाई की सड़क के किनारे स्थित होनी चाहिए।
- एकल / समीपस्थ परिसर में भी यही आवश्यकता होगी। (*रेरा अधिनियम, 2016 के अनुसार कारपेट एरिया)
- यदि भूतल पर पर्याप्त स्थान नहीं है (जितना स्थान होना चाहिए था) तो ऐसी स्थिति में द्वितीय तल से आगे लिफ्ट की सुविधा होनी चाहिए ताकि एक बार में उसमें 4 से 6 व्यक्ति आराम से आ सकें।
- परिसर में कुल प्रस्तावित क्षेत्र सहित सामान्य क्षेत्र, लिफ्ट इत्यादि में 24×7 पावर बैक–अप की सुविधा होनी चाहिए।
- पार्किंग एरिया ऐसा होना चाहिए, जिसमें कम से कम 4 कार और 4 दो–पहिया वाहन आराम से खड़े किए जा सके। पार्किंग सटी हुई और अच्छी तरह से सीमांकित होनी चाहिए।
- परिसर का रखरखाव, जिसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल, दूरसंचार, अग्निशमन प्रणाली का रखरखाव तथा इसके अलावा अन्य सिस्टम के रखरखाव शामिल है, इत्यादि सभी भवन के मालिक के दायरे में ही आएंगे। इसमें आईओसीएल द्वारा अलग से खरीदे/किराए पर लिए गए उपकरणों का रखरखाव शामिल नहीं होगा।
- पट्टेदार आईओसीएल वास्तविकता के अनुसार बिजली, पानी के बिल और नगरपालिका करों का वहन स्वयं करेगा तथा इसके अलावा अन्य राजस्व करों का भुगतान प्रस्तावित परिसर के पट्टेदार / मालिक द्वारा किया जायेगा।
- शौचालय के लिए पर्याप्त प्रावधान
- ईओआई की तकनीकी बोली के अनुसार न्यूनतम विवरण के साथ भवन होना चाहिए।
- इंटीरियर का निर्माण /परिवर्तन आईओसीएल द्वारा तय किया जाएगा और पारस्परिक रूप से सहमती समय की अवधि के भीतर किया जाएगा। लीज की अवधि ट्रांजिट कैंप परिसर को आईओसीएल को सौंपने के बाद की तिथि से शुरू होगी।
- बोलीदाता को आईओसीएल के निम्नलिखित वेबपेज https://www.iocl.com/suppliers-notices पर तकनीकी बोली के साथ संलग्न अनुलग्नक–2 में निर्दिष्ट तकनीकी आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए।

| | | |
|---|---|---|
| 3. | योग्यता मानदंड | • जैसा कि तकनीकी बोली के अनुबंध–2 में निर्दिष्ट है।<br>• भवन के मालिक (मालिको) के पास प्रस्तावित परिसर के लिए स्पष्ट स्वामित्व विलेख होना चाहिए।<br>• संपत्ति कारपेट एरिया और बिल्ड–अप एरिया के मानदंडों को पूरा करती हो।<br>• संपत्ति उपरोक्त निर्धारित क्षेत्र के अनुसार स्थित होनी चाहिए।<br>• संपत्ति सभी ऋणभार से मुक्त होनी चाहिए।<br>• इस संबंध में आवश्यक दस्तावेजी प्रमाण जमा करना होगा।<br>• निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट/विस्तृत रूप में सुविधाएं प्रदान करनी होंगी। |
| 4. | पट्टे की अवधि | • 18 महीने की होगी जिसके विस्तार का, 1 साल या उसके भाग के लिए, प्रावधान होगा<br>• ये दरें सभी 18 महीनों के लिए स्थिर रहेंगी। |
| 5. | विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जानी है। | • सही पता / मालिक का नाम और संपर्क विवरण / प्रस्तावित क्षेत्र / स्वामित्व दस्तावेज / गैर–ऋणभार प्रमाण पत्र / भवन अनुज्ञा–पत्र / नवीनतम निगम कर भुगतान रसीद / भवन को दिखाने वाला लेआउट और अनुमोदित भवन का लेआउट/ प्रस्तावित सुविधाएं (बिजली का कनेक्शन / पावर बैकअप / आपातकालीन जनरेटर/ पानी का कनेक्शन/ अग्निशमन सुविधाएं/ लैन और दूरसंचार सुविधाएं/ इसके अलावा अन्य सुविधाएं, जो दी जा रही है) |
| 6. | प्रस्ताव जमा करना | उपरोक्त विवरण के साथ आवेदन ईओआई प्राप्तकर्ता प्राधिकारी के पते पर ईओआई के प्रकाशन से 21 दिनों के भीतर डाक / कूरियर के माध्यम से हमारे कार्यालय में पहुंच जाना चाहिए। |
| 7. | ईओआई प्राप्तकर्ता प्राधिकारी | महाप्रबंधक (निर्माण)<br>पाइपलाइन्स मुख्य कार्यालय, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पाइपलाइन्स प्रभाग),<br>इंडियनऑयल भवन, ए–1, उद्योग मार्ग, सेक्टर–1 नोएडा–201301 |
| 8. | जमा करने का तरीका | • बोलीदाता निम्नलिखित वेब पेज- https://www-iocl.com/suppliers-notice से बोली दस्तावेज (तकनीकी और मूल्य बोली दोनों) डाउनलोड कर सकते हैं तथा बोली प्रिंट कर हार्ड कापी में प्रक्रिया के अनुसार विधिवत भरी हुई बोलियां जमा कर सकते हैं।<br>• ईओआई को सीलबंद लिफाफों में जमा किया जाएगा, जिसमें सबसे ऊपर बोली लगाने वाले का नाम, पता और संपर्क नंबर के साथ ''पानीपत में ट्रांजिट कैंप को किराए पर लेने के लिए ईओआई'' लिखा होना चाहिए। योग्यता के लिए प्रस्तुत तकनीकी बोली में किराया आदि जैसे विवरण का उल्लेख नहीं किया जाना चाहिए। |
| 9. | विशेष निर्देश | • बोलीदाताओं से यह अपेक्षा की जाती है कि वे ईओआई आमंत्रण सूचना से संबंधित दस्तावेजों को ध्यान से देखें और अस्वीकृति से बचने के लिए बोली के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें।<br>• आईओसीएल बिना कोई कारण बताए ईओआई को आंशिक या पूर्ण रूप से रद्द करने/ईओआई जमा करने की देय तिथि को आगे बढ़ाने आदि का अधिकार सुरक्षित रखता है।<br>• दलालों / रियल एस्टेट एजेंटों के प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।<br>• यदि एक से अधिक स्वामी होते हैं, तो अन्य संयुक्त स्वामियों की सहमति प्रस्तुत की जाएगी। |

Size:12x27 cm